समाचार

कर्तव्य निर्वहन में उदासीनता पर आयुक्त का कड़ा रूख

राजस्व वसूली कार्य में लापरवाही, राजस्व उपनिरीक्षक निलंबित

(आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय ने आदेश जारी कर आर.एस.आई. का किया निलंबन)

कोरबा 24 फरवरी 2022 – कर्तव्य निर्वहन में उदासीन रवैया अपनाने वाले अधिकारी कर्मचारियों के प्रति आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय ने सख्त रूख अपनाया है। आज उन्होने आदेश जारी कर राजस्व वसूली कार्यो एवं अतिक्रमण नियंत्रण के प्रति उदासीनता दिखाने वाले राजस्व उप निरीक्षक संजय ठाकुर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

यहॉ उल्लेखनीय है कि आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय ने निगम का कार्यभार ग्रहण करते ही अधिकारी कर्मचारियों को कड़े संदेश दिए थे कि कर्तव्य के प्रति लापरवाही एवं दायित्व निर्वहन के प्रति उदासीनता किसी सूरत में क्षम्य नहीं होगी, अतः सभी अधिकारी कर्मचारी सौपे गए दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ करें। आयुक्त श्री पाण्डेय ने राजस्व वसूली कार्यो की कार्यप्रगति पर विशेष फोकस करते हुए सभी राजस्व निरीक्षकों, उप निरीक्षकों तथा जोन उप प्रभारियों को राजस्व वसूली का लक्ष्य निर्धारित करते हुए वसूली का लक्ष्य प्राप्त करने के कड़े निर्देश दिए हैं। उन्होने संबंधित अधिकारी कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा है कि राजस्व वसूली कार्यो को पूरी निष्ठा एवं कार्यकुशलता के साथ संपादित कराते हुए प्रदत्त लक्ष्यों को निर्धारित समय पर प्राप्त करें। आयुक्त श्री पाण्डेय के निर्देश पर वर्तमान में राजस्व वसूली की कार्यप्रगति में तेजी आई है। निगम के राजस्व उप निरीक्षक श्री संजय ठाकुर को वार्ड क्र. 39, 40, 41, 42 में राजस्व वूसली का कार्य सौपा गया था किन्तु उनके द्वारा कार्य के प्रति उदासीनता बरती जा रही है तथा राजस्व वसूली कार्य के साथ–साथ अतिक्रमण नियंत्रण व उच्चाधिकारियों द्वारा समय–समय पर सौपे गए कार्यो के प्रति भी लापरवाही दिखाई जा रही है, जिसे गंभीरता से लेते हुए आयुक्त श्री पाण्डेय ने आज आदेश जारी कर राजस्व उपनिरीक्षक संजय ठाकुर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है, साथ ही उन्होने अन्य

अधिकारी कर्मचारियों को भी कड़ा संदेश दिया है कि वे अपने दायित्वों के प्रति सजग हो जाएं, कर्तव्यों का निष्ठा से पालन करें, अन्यथा उन पर भी कड़ी कार्यवाही की जा सकती है।